सांध्य दैनिक

# डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

*NewsPaper*NewsPortal*NewsChannel

सतर्क रहें-सजग रहें अभियान

DGR Detective Group Report

www.dgr.co.in | www.detectivegroupreport.com

वर्ष : 10 अंक : 111 | इंदौर, बुधवार 06 नवंबर, 2024 | पेज : 8, मूल्य : 2 रुपए

**भावपूर्ण श्रद्धासुमन**



## शारदा सिन्हा

जन्म : 1 अक्टूबर 1952

निधन : 5 नवंबर 2024

यह भी दैवीय लेखा ही है कि जिनके गुंजार के बिना छठ अपूर्ण रहती थी उन शारदा जी ने छठ के पूर्ण- फलित होने पर ही यह यात्रा पूर्ण की। सुरों के लोक को शारदा-स्वर की चहल-पहल शुभ हो।

## Headline

1. वाराणसी हत्याकांड में यू-टर्न: जिसे सभी ने कातिल समझा...वो भी किसी और के हाथों मरा; पांचों की एक ही तरह ली जान

2. Supreme Court: 'LMV लाइसेंस धारक 7500 KG तक वजन वाले ट्रांसपोर्ट वाहन चलाने के हकदार', सुप्रीम कोर्ट का फैसला

3. Rahul Gandhi: 'ईस्ट इंडिया कंपनी खत्म हो गई, लेकिन उसकी जगह एकाधिकारवादियों ने ले ली है', सरकार पर भड़के राहुल

4. UP: 'दिल से माफी मांगता हूं, प्लीज माफ कर दीजिए....' सीएम योगी को मारने की धमकी देने वाला अब गिड़गिड़ा रहा

### छत्रीपुरा की घटना पर सीएम बोले

# दोहरा रहा हूं, सरकार बर्दाश्त नहीं करेगी

## मुख्यमंत्री यादव ने कनाडा में हिंदू मंदिर पर हमले की निंदा भी की

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर । इंदौर आए मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कनाडा में हिंदू मंदिर पर हमले की निंदा की। सीएम ने कहा, 'देशद्रोही लोगों ने हिंदू समाज के बीच जहर घोलने का काम किया है। विदेशी शक्तियां भी इसमें शामिल हैं। मैं देशभक्त सिख बंधुओं का धन्यवाद करता हूं, जिन्होंने आगे आकर इस घटना की निंदा की है।' छत्रीपुरा की घटना पर कहा, 'दोहराता हूं कि मध्यप्रदेश में हम सभी धर्मों का सम्मान करते हैं, लेकिन कोई कानून व्यवस्था को हाथ में लेगा तो सरकार बर्दाश्त नहीं करेंगे। दिवाली के दिन हिंदू समाज अगर पटाखे फोडता है तो कोई कैसे रोक सकता है। अगर रोकेगा तो सरकार को बर्दाश्त भी नहीं है।'



सीएम मंगलवार शाम इंदौर पहुंचे। इंदौर एयरपोर्ट पर उन्होंने मीडिया से बातचीत की। यहां से लवकुश चौराहे स्थित एक प्राइवेट हॉस्पिटल के कार्यक्रम में शामिल हुए। इसके बाद इंदौर-3 से विधायक गोलू शुक्ला के दिवाली मिलन समारोह में शामिल हुए।

### ट्रेनिंग के लिए कर्नाटक, असम, केरल जाएंगे अधिकारी

बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व में हाथियों की मौत पर सीएम ने कहा, 'हाथियों को मध्यप्रदेश की आब-ओ-हवा पसंद आई है। इससे पहले वे आते-जाते रहते थे, लेकिन अब 100 से ज्यादा हाथी स्थाई रूप से एमपी के जंगल में रुक गए हैं। प्रशासन के साथ हमने प्लान बनाया है। फॉरेस्ट डिपार्टमेंट हाथियों की सुरक्षा, रहन-सहन और जनजीवन में भी कोई कष्ट नहीं आए, इसे देख रहा है।' सीएम ने कहा, 'पशु हानि, जनहानि नहीं हो, इसके लिए आने वाले समय में कर्नाटक, असम, केरल में हमारे अधिकारियों को भेजेंगे। हाथी विशेषज्ञों की टीम बना रहे हैं, हाथी मित्र की भी, बहुत सारे कदम हम उठा रहे हैं।'

### पटाखे जलाने को लेकर पथराव, आगजनी हुई थी

1 नवंबर की दोपहर छत्रीपुरा थाने से महज 150 मीटर दूर रविदासपुरा में पटाखे जलाने की बात पर विवाद हुआ था। आरोप है कि दो बच्चियां पटाखे जला रहीं थी, तभी सामने रहने वाले सलमान और शानू ने उन्हें अपशब्द कहे। बच्चियों की मां से भी झगड़ा किया। इसके बाद विवाद बढ़ गया और दोनों ओर से जमकर पथराव हुआ। वहीं, छत्रीपुरा विवाद में घायल राशिदा बी का कहना है कि दिवाली के दिन घर में आग लगाई थी। वो हमने बुझा दी थी। हम लड़ाई नहीं करना चाहते थे। दूसरे दिन पटाखे घर में फेंकने लगे तो विरोध किया। बच्ची पटाखा फोड़ रही थी और मना किया, इस पर विवाद हुआ, ये झूठ है। वहां कैमरे लगे हैं, देख लीजिए पता चल जाएगा।

### कनाडा में हिंदू मंदिर पर खालिस्तानियों का हमला

कनाडा के ब्रैम्पटन में रविवार को हिंदू सभा मंदिर में आए लोगों पर खालिस्तानी समर्थकों ने हमला कर दिया। हमलावरों के हाथों में खालिस्तानी झंडे थे। उन्होंने मंदिर में मौजूद लोगों पर लाठी-डंडे बरसाए। इसके बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने भी श्रद्धालुओं के साथ मारपीट की। घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल है। भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कनाडा में हिंदू मंदिर पर हुए इस हमले की कड़ी निंदा की है। उन्होंने कहा कि हमें कनाडा सरकार से कार्रवाई की उम्मीद है। ऐसी घटनाएं हमें कमजोर नहीं कर सकतीं।

कलेक्टर श्री आशीष सिंह ने जनसुनवाई में सुनी आमजन की समस्याएं

# किसी को शिक्षा, किसी को रोजगार तो किसी को इलाज के लिए दी सहायता

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। प्रति मंगलवार की तरह इस मंगलवार भी कलेक्टर कार्यालय में जनसुनवाई सम्पन्न हुई। कलेक्टर श्री आशीष सिंह सहित अन्य अधिकारियों ने नागरिकों की समस्याओं को गंभीरता से सुनकर उनका संवेदनशीलता के साथ निराकरण किया। कलेक्टर श्री आशीष सिंह ने आमजन की समस्याओं को सुनते हुए किसी को शिक्षा, किसी को रोजगार तो किसी को इलाज के लिए सहायता दी। कलेक्टर श्री सिंह ने जिन समस्याओं का मौके पर निराकरण नहीं हुआ, उनके निराकरण के लिए समय-सीमा तय की।



कलेक्टर श्री सिंह के समक्ष एक महिला प्रेमा बडोनिया पहुंची। उसने बताया कि मेरे पति का निधन हो गया है। मेरी कोई संतान भी नहीं है। अपने गुजर-बसर के लिए मैं एक निजी स्कूल में नौकरी करती थी। काम करते समय मेरा पैर फिसलने से पैर की हड्डी टूट गई। ऑपरेशन हुआ, रॉड डल गई। इस कारण मुझे चलने फिरने में दिक्कत होने लगी। नौकरी भी छूट गई। जीवन यापन का कोई साधन नहीं है। मैं बैग, कुशन, लोड कवर आदि की सिलाई का काम अच्छे से कर लेती हूं। मेरे पास मशीन नहीं है। कलेक्टर ने तुरंत रेडक्रास से सिलाई मशीन स्वीकृत की। इसी तरह तात्कालिक सहायता के रूप में मनीषा पंवार को 10 हजार रुपये, कृष्णा निम को सिलाई कार्य में सहयोग के लिए 10 हजार रुपये, प्रेमलता बाई को तात्कालिक सहायता के रूप में 10 हजार रुपये, बसकन्या बाई को 20 हजार रुपये, कला सोलंकी को 10 हजार रुपये, पूजा सोलकर को पुत्र के इलाज के लिए 20 हजार रुपये स्वीकृत किए। कलेक्टर श्री सिंह ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि जनसुनवाई में आने वाले सभी प्रकरणों का समय-सीमा में सकारात्मक रूप से निराकरण सुनिश्चित करें। कलेक्टर कार्यालय में विकेन्द्रीकृत व्यवस्था के तहत हुई जनसुनवाई में सैकड़ों आवेदकों ने अधिकारियों के कक्ष में भी सीधे पहुंचकर अपनी समस्याएं बताई। कलेक्टर श्री आशीष सिंह सहित सभी अपर कलेक्टरों और अन्य विभागीय अधिकारियों ने आवेदकों की समस्याओं को गंभीरता के साथ सुनकर निराकरण किया।

# छठ महापर्व की नहाय-खाय से शुरुआत

### इंदौर में डेढ़ सौ से ज्यादा स्थानों पर कुंड बनाए गए



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। देशभर के साथ ही इंदौर में भी उत्तर भारतीयों का खास छठ महापर्व मंगलवार से शुरू हुआ। पहले दिन नहाया-खाय से शुरूआत हुई। घरों की सफाई कर उन्हें पवित्र किया गया। मिट्टी के चूल्हे पर भोजन बनाया गया। अब चार दिनों तक अनुष्ठान होंगे। बुधवार को खरना होगा।**

इंदौर में उत्तर भारत से आए परिवार बड़ी संख्या में बसे हुए हैं। वे छठ महापर्व भी इंदौर में रहकर ही मनाने लगे हैं। मंगलवार को छठ महापर्व बनाने वाले परिवारों ने घरों में लौकी की सब्जी, चावल बनाए। महापर्व के दूसरे दिन बुधवार को खरना मनाया जाएगा। महिलाएं दिनभर निर्जला उपवास रखेगी। इसके बाद मिट्टी के चूल्हे पर बने व्यजंनों का प्रसाद के रूप में सूर्य भगवान को अर्पित किया जाएगा। बाद में इसे महिलाएं भी ग्रहण करेंगी और 36 घंटे का व्रत शुरू होगा। गुरुवार को जलकुंड में खड़े होकर अस्त हो रहे सूर्य को अर्घ्य दिया जाएगा। 8 नवंबर को महापर्व का समापन होगा। इस दिन सुबह सूर्योदय के साथ छठ मैय्या से सुख समृद्धि की कामना की जाएगी। इंदौर में इसके लिए 150 से ज्यादा स्थानों पर कुंड बनाए गए हैं। बाणगंगा, विजय नगर, स्कीम-54, सुखलिया ग्राम, श्याम नगर, सिलीकॉन सिटी, कालानी नगर, निपानिया, एरोड्रम रोड, पिपलियाहाना तालाब सहित डेढ़ सौ स्थानों पर सूर्य को अर्घ्य दिया जाएगा। पूर्वोत्तर सांस्कृतिक संस्थान के महासचिव केके झा ने पिपलियाहाना और निपानिया तालाब पर स्थाई रूप से छठ पर्व के लिए घाट बनाने की मांग की है। उन्होंने प्रदेश सरकार से छठ महापर्व पर सार्वजनिक अवकाश घोषित करने की मांग भी की है।

# विद्यार्थियों की छात्रवृति सहित अन्य समस्याओं का समय-सीमा में हो निराकरण- प्राचार्यों को दिए गए निर्देश

### शासकीय और अशासकीय महाविद्यालयों के प्राचार्यों की बैठक सम्पन्न

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। इंदौर जिले में स्थित शासकीय और अशासकीय महाविद्यालयों के प्राचार्यों को निर्देश दिए गए है कि वे अपने यहाँ दर्ज विद्यार्थियों की छात्रवृति के प्रकरणों का समय-सीमा में निराकरण सुनिश्चित करें। यह ध्यान रखें कि छात्रवृति विद्यार्थियों को समय पर मिले। इसके साथ ही सीएम हेल्पलाइन के तहत दर्ज प्रकरणों का भी समय-सीमा में निराकरण किया जाए। विद्यार्थियों को मतदाता सूची के पुनरीक्षण की जानकारी देते हुए मतदाता सूची में नाम जुड़वाने के लिए उन्हें प्रोत्साहित किया जाए।



यह निर्देश यहां कलेक्टर कार्यालय में सम्पन्न हुई शासकीय और अशासकीय महाविद्यालयों के प्राचार्यों की बैठक में दी गई। बैठक में अपर कलेक्टर श्री रोशन राय, उच्च शिक्षा विभाग के नोडल अधिकारी श्री एम.डी. सोमानी, सहायक आयुक्त आदिम जाति कल्याण श्रीमती सुप्रिया बिसेन, जिला अग्रणी महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. अनूप जग्गी, डॉ. प्रकाश गढ़वाल सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे। बैठक में प्राचार्यों को छात्रवृति के आवेदनों के सत्यापन को निर्धारित समय-सीमा में करने के निर्देश दिए गए। कहा गया कि छात्रवृति के कोई भी आवेदन सत्यापन से वंचित नहीं रहे। महाविद्यालय अपने स्तर पर कोई भी प्रकरण लंबित नहीं रखे। बैठक में सीएम हेल्पलाइन के तहत दर्ज प्रकरणों के निराकरण की भी समीक्षा की गई। निर्देश दिए गए कि लंबित प्रकरण त्वरित निराकृत किए जाए। कहा गया कि विद्यार्थियों की टीसी, मूल अंकसूची एवं प्रवेश निरस्ती पर फीस वापसी के आवेदन भी तत्काल निराकृत करें। बैठक में बताया गया कि सशस्त्र सेना दिवस 07 दिसम्बर 2024 को मनाया जाएगा। इस संबंध में पूर्व सैनिकों व उनके आश्रितों के कल्याण हेतु सहयोग राशि भी एकत्रित की जाए। ऐंटी रैगिंग कमेटी के गठन एवं बैठक की स्थिति, महिला उत्पीड़न समिति के गठन की स्थिति, महाविद्यालयों/विश्वविद्यालयों में प्लेसमेंट की स्थिति आदि मुद्दों पर भी चर्चा की गई। निर्देश दिए गए कि किसी भी संस्थान में रेगिंग की घटना नहीं हो। रेगिंग के संबंध में उच्चतम न्यायालय के निर्देशों का पालन सुनिश्चित किया जाए। सभी महाविद्यालय प्लेसमेंट की जानकारी प्रतिमाह जिला रोजगार अधिकारी को जरूर भेजे।

# निगम के एक करोड़ दस्तावेजों का होगा डिजिटलाइजेशन




@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। इंदौर नगर निगम एक इंदौर। करोड़ दस्तावेजों का डिजीटलाइजेशन कराएगा। काम के लिए दिल्ली की एक कंपनी को ठेका दिया गया है। इस पर 2.30 करोड़ रुपए खर्च किए जाएंगे। अब डॉक्यूमेंट के लिए लोगों को नगर निगम के चक्कर नहीं लगाने पड़ेंगे।**

नगर निगम में पिछले काफी समय से दस्तावेजों को स्कैन कर डिजिटल फॉर्मेट में तैयार करने की कवायद चल रही थी। निगम ने पिछले दिनों इस संबंध में टेंडर जारी किया था। निगम की तरफ से दिल्ली की न्यूजन सॉफ्टवेयर टेक्नोलॉजी लिमिटेड नामक कंपनी को काम सौंपा गया है।

निगम के अधिकारियों ने बताया कि इस कंपनी के द्वारा निगम के एक करोड़ दस्तावेजों को डिजिटल फॉर्मेट में तैयार करने का काम किया जाएगा। काम को 12 महीने की टाइम लिमिट के अंदर पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है। संभावना है कि 9 नवंबर से काम को शुरू कर दिया जाए। निगम के दस्तावेजों का जीटलाइजेशन होने से लोगों को सुविधा होगी। लोगों को डॉक्यूमेंट प्राप्त करने के लिए नगर निगम के चक्कर बार-बार नहीं लगाने पड़ेंगे, साथ ही आवेदन लगाने से भी उन्हें मुक्ति मिल जाएगी। ऑनलाइन सिस्टम पर एक क्लिक के माध्यम से लोग डॉक्यूमेंट आसानी से प्राप्त कर सकेंगे। इसके शुभारंभ समारोह के लिए मुख्यमंत्री को भी बुलावा भेजा गया है।

# संगठन चुनाव को लेकर भाजपा की बैठक

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। इंदौर जिला भाजपा की संगठन चुनाव के लिए कार्यशाला आयोजित की गई। जिसमें जिला चुनाव अधिकारी पूर्व विधायक यशपाल सिंह सिसोदिया ने कहा कि भाजपा एकमात्र लोकतांत्रिक राजनीतिक दल है। संगठन में लोकतांत्रिक प्रक्रिया से संगठन पर्व के माध्यम से बूथ से लेकर राष्ट्रीय अध्यक्ष तक चुनाव होता है।**

BJP

संगठन पर्व से हमारी संरचना सुव्यवस्थित होती है। बूथ से लेकर शक्ति केंद्र, मंडल और जिले में संगठनात्मक ढांचा ओर अधिक मजबूत होता है। सदस्यता अभियान से हमने जो सदस्य बूथ पर बनाएं है, उन्हीं सदस्यों में से बूथ समितियों में जवाबदारी दें। जिलाध्यक्ष चिंटू वर्मा ने कहा- संगठन पर्व के अंतर्गत निर्वाचन की प्रक्रिया प्रारंभ हो रही है। इंदौर जिला संगठन का निर्वाचन प्रदेश ही नहीं बल्कि पूरे देश के संगठन के लिए आदर्श उदाहरण बने, हमें ऐसी रचना बनाकर बूथों पर निर्वाचन सम्पन्न करवाना है। बूथ समितियों में अध्यक्ष और महामंत्री जैसे दायित्वों पर ऐसे कार्यकर्ताओं को चुनें जो लगातार तीन वर्षों बूथों पर सक्रिय रहकर पार्टी की योजनाओं को उतारकर अंत्योदय के मूल मंत्र को साकार कर सके। सह चुनाव अधिकारी रवि रावलिया ने कहा- हम चुनावों में नारा लगाते हैं। बूथ जीता-चुनाव जीता, बूथ को सशक्त करने के लिए हम कार्ययोजना बनाते हैं, लेकिन संगठन पर्व के अंतर्गत संगठन चुनाव माध्यम से बूथ को और अधिक सशक्त बना सकते हैं। बूथ पर अच्छी टोलियों का निर्माण हो, ऐसी रचना तैयार करें।

# प्लॉट पर कब्जे से परेशान बुजुर्ग ने पुलिस कमिश्नर के पकड़ लिए पैर

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। प्लॉट पर कब्जे की शिकायत लेकर आयुक्त कार्यालय पहुंचा वृद्ध पुलिस आयुक्त संतोष कुमारसिंह के पैरों में गिर गया। आयुक्त ने एसीपी को जांच सौंपी है। श्रीनगर (कांकड़) निवासी अब्दुल सत्तार नूर मोहम्मद ने गृह निर्माण सहकारी संस्था से प्लाट खरीदा था। सत्तार के मुताबिक प्लाट पर कब्जा तो उसको मिल गया लेकिन कुछ लोग निर्माण नहीं करने दे रहे।**

रहवासी अब्दुल जब्बार, उसकी पत्नी और गुंडे धमका कर भगा देते हैं। सत्तार ने छह महीने पूर्व भी पुलिस को शिकायत की लेकिन कार्रवाई नहीं हुई। मंगलवार को वह आयुक्त संतोष कुमारसिंह के पास पहुंचा और पैर पकड़ लिए।

आयुक्त ने सत्तार को संभाला और पूरा घटनाक्रम समझा। आयुक्त ने सुनवाई में मौजूद एसीपी कुंदन मंडलोई को जांच कर कार्रवाई के निर्देश दिए। आयुक्त के मुताबिक जनसुनवाई में सभी तरह की शिकायतें आई हैं।

## गुजारे के लिए महिला ने मांगी सिलाई मशीन, तुरंत स्वीकृत

कलेक्टर की जनसुनवाई में सैकड़ों आवेदक समस्याएं लेकर पहुंचते हैं। मंगलवार को प्रेमा बडोनिया आर्थिक सहायता के लिए पहुंचीं। उन्होंने कलेक्टर को बताया कि मेरी कोई संतान नहीं है और पति का निधन हो चुका है। गुजर-बसर के लिए निजी स्कूल में नौकरी करती थी, लेकिन काम के दौरान पैर फिसलने से पैर की हड्डी टूट गई। ऑपरेशन के बाद राड डली है। इससे मुझे चलने- फिरने में दिक्कत होती है। नौकरी भी छूट गई, जीवन-यापन का कोई साधन नहीं है। मैं बैग, कुशन, लोड कवर बना लेती हूं, लेकिन मेरे पास मशीन नहीं है।

### जनसुनवाई में 250 से ज्यादा आवेदक पहुंचे थे

महिला की परेशानी सुनकर कलेक्टर आशीष सिंह ने रेडक्रास से सिलाई मशीन स्वीकृत की। कलेक्टर कार्यालय में होने वाली जनसुनवाई में मंगलवार को 250 से अधिक आवेदक पहुंचे। जनसुनवाई में आने वाले आवेदनों को सीएम हेल्पलाइन पोर्टल पर चढ़ाया जा रहा है, ताकि मानिटरिंग पुख्ता तरीके से की जा सके। जनसुनवाई में अन्य लोगों की समस्याओं को भी अधिकारियों ने अपने कक्ष में बैठकर सुना। कलेक्टर सिंह ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि जनसुनवाई में आने वाले सभी प्रकरणों का समय-सीमा में सकारात्मक रूप से निराकरण सुनिश्चित करें। कलेक्टर कार्यालय में विकेंद्रीकृत व्यवस्था के तहत हुई जनसुनवाई में सैकड़ों आवेदकों ने अधिकारियों के कक्ष में भी पहुंचकर समस्याएं बताईं।

# पानी बोतल प्लांट में आग से मचा हड़कंप

## कई किमी दूर तक दिखा धुआं, फायर ब्रिगेड ने पाया काबू

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। मानपुर थाना क्षेत्र के यशवंत नगर गुवाड़ा गांव में स्थित एक वाटर फैक्ट्री में मंगलवार दोपहर में आग लग गई। यहां जिलेटिन और प्लास्टिक बोतलों ने आग पकड़ी ली। सूचना के बाद दमकल वाहन सहित मानपुर नपा अधिकारी तत्काल प्रभाव से मौके पर पहुंचे और आग पर काबू पाया गया।**

दरअसल यशवंत नगर में स्थित निर्माणधीन एसएसएजी किन्ले वॉटर कंपनी के प्लांट में भीषण आग लग गई। आग कैसे लगी, उसका कारण अभी तक स्पष्ट नहीं हो सका है। बताया जा रहा है कि यह कंपनी पानी की बोतल बनाने का काम करती है। फिलहाल घटना में कोई बड़ी जनहानि नहीं हुई है। लेकिन आग लगने से लाखों रुपए का माल जलकर पूरी तरह खाक हो गया। मौके पर पहुंची मानपुर नगर परिषद की फायर ब्रिगेड के कर्मचारियों ने तत्काल आग पर काबू पा लिया था। आग लगने के बाद दूर-दूर तक लोगों को धुआं दिखाई दे रहा था। इधर घटना की जानकारी लगने के बाद मौके पर महू एसडीएम चरणजीत सिंह हुड्डा भी मौके पर पहुंचे।

एसडीएम चरणजीत सिंह हुड्डा का कहना है कि अभी आग कैसे लगी है। इसका पता लगाया जा रहा है। किसी भी प्रकार की कोई जनहानि नहीं हुई है, पंचनामा बनवाकर जांच की जा रही है।

# सिमरोल से भेरूघाट तक ढाई घंटे जाम, 5 एंबुलेंस भी फंसी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। इंदौर-खंडवा मार्ग पर सिमरोल से लेकर गवालू घाट और भेरूघाट तक वाहन जाम में फंसे रहे। मंगलवार शाम यहां जाम लगने के कारण 5 एंबुलेंस भी अटक गई। दोनों ओर से वाहनों की रेलमपेल होने के कारण एंबुलेंस को निकालना भी मुश्किल भरा रहा। सिमरोल टीआई अमित भामौर ने बताया कि मंगलवार को इस रूट पर अचानक से ट्रैफिक का फ्लो इतना बढ़ा कि घाट पर धीमा ट्रैफिक होने से लेन सिस्टम गड़बड़ा गई। बताया जा रहा है कि इस रूट पर सिक्स लेन हाईवे का जगह-जगह काम चलने के कारण भी जाम लग रहा है। क्योंकि कई जगह ट्रैफिक सर्विस लेन पर डायवर्ट किया गया है। दीपावली की छुट्टियां खत्म होने के बाद गुजरात से ट्रेवल करने वालों का दबाव भी बढ़ा है।

# 2 दोस्तों को ट्रक ने मारी टक्कर, 1 की मौत

## सड़क पार करते समय हादसा, वाहन चालक की तलाश में जुटी पुलिस

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। तेजाजी नगर में सिल्वर स्प्रिंग के पास मंगलवार रात सडक़ हादसे में एक व्यक्ति की मौत हो गई। जबकि उसका दूसरा साथी घायल हो गया है। बताया गया है कि दोनों साथी सडक़ पार कर रहे थे, इस दौरान हादसे का शिकार हो गए। पुलिस अब टक्कर मारने वाले वाहन की तलाश कर रही है।

पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक सुनील (45) पिता जगदीश कटिजा निवासी सिल्वर स्प्रिंग और उसके साथी नाना भाया को रात करीब 10 बजे लगभग टाउनशिप के पास एक अज्ञात ट्रक ने टक्कर मार दी। हादसे के दौरान सुनील काफी दूर जाकर सडक़ पर गिरा। जबकि नाना भाया नजदीक में कच्चे रोड़ पर गिर गया। हादसे के दौरान गंभीर हालत में सुनील को एमवाय अस्पताल में भर्ती कराया गया था। जहां उपचार के दौरान रात में ही उसकी मौत हो गई। वहीं नाना का इलाज जारी है।

परिवार के लोगो ने बताया कि सुनील अपने दोस्त नाना का पत्थर मुंडला इलाके में मकान खाली करवाने गए थे। पैदल सडक़ पार करते समय ट्रक ने उन्हें टक्कर मार दी थी, हम्माली के काम से जुड़े थे, सुनील के परिवार में दो बेटे और एक बेटी है, पुलिस ने अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज करते हुए तलाश शुरू कर दी है।

# बड़े भाई ने छोटे को पीटा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। बड़े भाई से जब छोटे भाई ने खेत में अपना हिस्सा मांगा तो उसने जमीन पर पटक-पटक कर पीट दिया। पुलिस ने केस दर्ज किया है। घटना सिमरोल इलाके के ग्राम बगोदा में हुई। घायल का नाम अशोक पिता चंपालाल मकवाना है। उसकी रिपोर्ट पर आरोपी सुनील पर केस दर्ज किया गया। अशोक ने पुलिस को बताया कि मेरा बड़ा भाई सुनील का घर मेरे घर के सामने है। वह मम्मी-पापा के साथ रहता है। हमारा हिस्सा बंटवारा को लेकर विवाद चल रहा है। कल मैंने खेत के हिस्सा का बोला तो भाई ने मुझे गालियां दीं और लात-घूसे से जमीन पर पटक कर पीटा।

# बेटा और मां को पीटा, फिर घर पर किया पथराव

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। नशे में धुत आरोपियों ने रिक्शा चालक और उसकी मां पर हमला कर घायल कर दिया। पहले तो रास्ते में पीटा और फिर पीछे-पीछे घर आकर पथराव कर दिया। बाणगंगा पुलिस के मुताबिक विवाद कल शाम जय गोपाला बिङ्क्षल्डग के पीछे भवानी नगर में हुई। पुलिस ने विशाल पिता बृजमोहन ओझा की रिपोर्ट पर आरोपी रोशन, अखिलेश, अनुराग मटेले, भोला के खिलाफ केस दर्ज किया है। विशाल ने पुलिस को बताया कि मैं अपने घर जा रहा था रास्ते में आरोपी रोशन, अखिलेश, भोला और अनुराग मटेले मिले जो नशे में थे। वे मुझे देखकर गालियां देने लगे। मैंने गाली देने से मना किया तो मेरे साथ मारपीट की। मैं अपने घर पर रिक्शा लेकर आया तो वे भी मेरे पीछे पीछे आ गए और घर पर पत्थर फेंककर मारने लगे। इससे मेरी मां सविता ओझा को चोट आई। पुलिस ने बताया कि आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की जा रही है।

# घेराव की भनक लगते ही रहवासियों के बीच पहुँचे अधकारी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। विधनसभा राऊ क्षेत्र के अंतर्गत आने वाली राज रानी कॉलोनी में काफी दिनों से गंदगी फैली पड़ी है रहवासियों ने कई बार संबंधित अधिकारियों को शिकायत की लेकिन कोई सुनवाई नही हुई।**

फैली गंदगी के कारण आसपास में रहने वाले परिवार के लोग बीमार होने लगे साथी ही गंदगी के कारण छोटे-छोटे बच्चे भी बीमारियों का शिकार होने लगे । जिसके बाद वही के रहेवासी ओर रिटायर्ड फौजी संजय महाजन के पास परिवार और रहेवासी पहुँचे पीड़ा बतायी महाजन ने अधिकारियों जब शिकायत की तो अधकारी ने एक या दो दिन करवाता हूं बोलकर टालमटोली कल महाजन ओर रहवासियों नगर निगम के ज़ोन 13 की आज सुबह 9 बजे घेराव करने का आह्वान किया। जब इस बात की भनक नगर निगम के अधिकारियों को लगी तो उन्होंने तुरंत आज सुबह 7 से ही सफाई कर्मचारियों को भेजकर साफ-सफाई शुरू करवा दी यह देख महाजन और रहेवासी भडक़ उठे कर्मचारियों को चेतवानी दी कि जब यह जिम्मेदार अधिकारी नहीं आ जाता जब तक कोई साफ सफाई नहीं होगी।

कर्मचारियों ने तुरंत वरिष्ठ अधिकारियों को सूचना देकर के मौके पर बुलाया काफी देर तक रहेवासी ओर अधकारियों की बहस होती रही। मौके पर पहुँचे निगम अधिकारियों रहवासियों को आश्वासन दिया अगली बार से इस प्रकार की गंदगी नहीं फैलने देंगे और तुरंत साफ-सफाई करवाई जाएगी इसके बाद पूरा मामला शांत हुआ।

# नशे में बैरिकेड्स तोड़कर भागा चालक, कार जब्त

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। आजाद नगर क्षेत्र में पुलिस चेकिंग के दौरान बैरिकेड्स तोडक़र एक कार चालक भाग गया। वह नशे में था पुलिस ने चालक के खिलाफ शासकीय कार्य में बाधा डालने का केस दर्ज किया है। वहीं कार जब्त कर ली। कार चालक मयंक चौधरी निवासी बिजलपुर के खिलाफ शासकीय कार्य में बाधा डालने का केस दर्ज किया है।

## ट्रक की टक्कर से बाइक सवार दो युवकों की मौत, एक की हालत गंभीर

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**जबलपुर।** जबलपुर जिले के बरेला थाना अंतर्गत ग्राम डूंडी के पास एक ट्रक ने तेज रफ्तार और लापरवाही से वाहन चलाते हुए मोटरसाइकिल सवार तीन युवकों को टक्कर मार दी। हादसे में बाइक पर पीछे बैठा युवक दूर जा गिरा, जबकि दो अन्य युवक ट्रक के पहिए के नीचे आ गए। हादसे में दो युवकों की मौत हो गई, जबकि एक अन्य युवक की हालत गंभीर बनी हुई है। बरेला थाना प्रभारी विजय कुमार विश्वकर्मा के अनुसार, सोमवार देर रात ग्राम डूंडी के समीप निवास की ओर से आ रहे तेज रफ्तार ट्रक ने सामने से मोटरसाइकिल सवार तीन युवकों को जोरदार टक्कर मारी। टक्कर के कारण बाइक सवार एक युवक उछलकर दूर जा गिरा, जबकि दो युवक ट्रक के पहिए में फंस गए। घायलों को अस्पताल ले जाते समय एक युवक की मौत हो गई, और अन्य दोनों घायलों को उपचार के लिए शासकीय मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उपचार के दौरान एक और युवक की मौत हो गई। तीसरे घायल की हालत गंभीर बनी हुई है। घटना के बाद आरोपी चालक वाहन छोड़कर फरार हो गया। पुलिस ने मोटरसाइकिल के नंबर के आधार पर मृतक युवक के परिजनों से संपर्क किया। परिजनों ने एक मृतक की पहचान कटनी जिले के ग्राम धनवानी निवासी राहुल के रूप में की है। परिजन उसके मृतक और घायल दोस्तों को नहीं पहचानते हैं। पुलिस ने मर्ग कायम कर शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। आरोपी चालक के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर ट्रक को जब्त कर लिया गया है। घायल और मृतक युवक की पहचान के प्रयास जारी हैं।

## लिपिक तीन हजार रुपये की रिश्वत लेते गिरफ्तार

**भोपाल।** लोकायुक्त पुलिस ने मंगलवार शाम माता मंदिर स्थित नगर निगम की पेंशन शाखा के लिपिक दौलत कुमार को तीन हजार रुपये की रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया।आरोपित लिपिक कई दिनों से पीड़ित को उसके पिता की मृत्यु के बाद पेंशन मां के नाम करने पांच हजार रुपये की रिश्वत मांग रहा था। पुलिस ने आरोपित लिपिक पर एफआइआर दर्ज कर यह कार्रवाई की है।लोकायुक्त पुलिस के मुताबिक सोमवार को पंचशील नगर निवासी मुकेश दनके ने लोकायुक्त पुलिस अधीक्षक के पास शिकायत की थी कि उनके पिता का गत माह निधन हो गया था, अब पिता की मृत्यु के बाद उनकी पेंशन मां के नाम कराने के लिए माता मंदिर चौराहा स्थित नगर निगम के पेंशन शाखा में तैनात लिपिक दौलत कुमार पांच हजार रुपये रिश्वत मांग रहा है।

## पालतू जर्मन शेफर्ड को निगल गया अजगर

**सतना।** सोचिए, आपने एक प्यारा सा डॉग पाला हो, जो बचपन से आपके साथ रहा हो। फिर एक दिन वह बाहर जाए और कभी लौटकर न आए। ऐसे में अधिकतर लोगों का दिल बैठ जाएगा। और जब आपको पता चले के उसे किसी 12 फीट लंबे अजगर ने निगल लिया है, तो डॉग का दर्द महसूस कर रूह कांप जाएगी। ऐसा ही सतना जिले के नीमी गांव में एक पालतू जर्मन शेफर्ड के साथ हुआ। इस घटना में एक विशालकाय अजगर ने एक पालतू जर्मन शेफर्ड को साबुत निगल लिया। यह अजगर लंबा होने के साथ-साथ भारी-भरकम भी था। हैरानी की बात यह है कि इस अजगर ने पिछले 10 दिनों में दो कुत्तों को अपना शिकार बनाया था। यह घटना तब हुई जब गांव के किसान अपने काम में व्यस्त थे। तभी अचानक किसी व्यक्ति ने एक खेत में इस विशालकाय अजगर को देखा। अजगर ने उनकी आंखों के सामने ही एक पालतू जर्मन शेफर्ड को निगल लिया। यह सीन देखकर लोग दंग रह गए। दहशत इतनी थी कि कोई भी अजगर के पास जाने की कोशिश नहीं कर रहा था। डर के मारे ग्रामीणों ने तुरंत वन विभाग को सूचित किया। वन विभाग की टीम ने बताया कि यह अजगर 12 फीट लंबा और 90 किलो का था। ग्रामीणों ने बताया कि इसने पिछले 10 दिनों में दो कुत्तों को निगला है। डीएफओ ने ग्रामीणों से अपील की है कि इस तरह की घटनाओं की तुरंत सूचना दें।

# गुलाबी सर्दी ने मप्र में दी दस्तक, धीरे-धीरे घटने लगा तापमान

### पचमढ़ी रहा सबसे ठंडा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल। मध्य प्रदेश में अब धीरे-धीरे सर्दी जोर पकड़ती जा रही है। ज्यादातर शहरों में रात का तापमान 20 डिग्री के नीचे जा पहुंचा जा रहा है, वहीं अमरकंटक और पचमढ़ी की रातें सबसे ठंडी है। यहां 13 डिग्री से नीचे तापमान चल रहा है। मौसम विभाग के अनुसार 4 दिन बाद मौसम में तेजी से बदलाव आएगा और रात व दिन के तापमान में भी गिरावट होगी।**



### कहां कितना रहा रात का पारा

प्रदेश के ज्यादातर शहरों में रात का तापमान 20 डिग्री के नीचे चल रहा है। रविवार-सोमवार की रात इंदौर में तापमान 18.6 डिग्री दर्ज किया गया, जबकि भोपाल-जबलपुर में 17, ग्वालियर में 17.3, उज्जैन में 18.3 रहा. इधर अमरकंटक में 12.2, पचमढ़ी 12.2, मंडला 13.6, उमरिया 15.3, राजगढ़ 16, बैतूल-सतना 16.7, खजुराहो-टीकमगढ़-नौगांव 17, रायसेन 17.2, खरगोन 17.8, खंडवा 18, सिवनी 18.4, गुना 19, रतलाम 19.2, नर्मदापुरम 19.4, धार 19.5 और दमोह में 19.8 डिग्री दर्ज किया गया।

### दूसरे सप्ताह सर्दी पकड़ेगी जोर

मौसम विभाग के अनुसार नवंबर महीने में ट्रेंड रहा है कि दूसरे सप्ताह से ही सर्दी जोर पकड़ती है और तापमान में गिरावट दर्ज की जाती है। दक्षिण-पश्चिम मानसून के समाप्त होने के बाद मौसम सामान्य होता है, लेकिन आसमान बादलों से घिरा रहता है। हालांकि इस दौरान गर्मी और उमस का सामना नहीं करना पड़ता। इस दौरान कुछ जिलों में मावठे की हल्की बरसात भी होती है, जिसके बाद सर्दी अपना असर दिखाती है।

### श्यामपुर पुलिस ने किया कई चोरियों का खुलासा

# तीन आरोपियों से दस लाख का माल भी किया बरामद

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**सीहोर।** जिले के श्यामपुर थाने की पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। पुलिस ने कई चोरियों का खुलासा कर 03 आरोपियों को गिरफ्तार कर करीब दस लाख रुपए का माल बरामद किया है। अनुविभागीय अधिकारी पुलिस पूजा शर्मा ने बताया कि थाना श्यामपुर में पिछले दिनों लगातार चोरी की घटनाएं हुई थीं।



श्यामपुर थाना पुलिस एवं मुखबिरों की क्षेत्र में सक्रियता के चलते ग्राम मुख्त्यारनगर रोड मदरसा के पास श्यामपुर में एक संदिग्ध कार और उसमें बैठे लोगों पर संदेह होने पर पूछताछ की गई। जिन्होंने अपना नाम सुलेमान उर्फ गोलू पिता हकीम खाँ (25) निवासी पटेल का बाग के पास ग्राम बिछिया थाना दोराहा, आदिल खान पिता सत्तार खां (22) निवासी नवोदय टप्पर हाइवे रोड श्यामपुर, शाकिर उर्फ गब्बर पिता हकीम खां (30) निवासी ग्राम पटेल के बाघ के पास ग्राम बिछिया थाना दोराहा सीहोर हाल अरवलिया भोपाल के होना बताया।

तीनों आरोपियों ने पूछताछ में दिनांक 19 की अक्तूबर की रात मिलन गार्डन के पास रखी गुमटी की खिड़की तोड़कर गुमटी से 03 जेक, पाने की पेटी 02 एवं अन्य छोटा मोटा सामान चोरी करना बताया। इसी तरह 20 अक्तूबर की रात में ग्राम कादराबाद में एक निर्माणाधीन मकान में से 24 नग लोहे की पुरानी सेंटिंग प्लेट, 1 नग वायब्रेटर, 2 नग ग्लाईंडर व पानी की एक टुल्लु मोटर चोरी करना बताया एवं दिनांक 30 अक्तूबर की रात में कुरावर रोड पर स्थित बालाजी मोटर्स बजाज शोरूम में रखी मोटरसाइकलें चोरी करने के उद्धेश्य से शोरूम के शटर के ताले तोड़े थे, लेकिन सेंटर शटर का सेंटर लाक न खुलने से मोटरसाइकिल चोरी नहीं कर सके।

### कांग्रेस का आरोप

## हाथियों को जहर देकर मारा

**उमरिया।** उमरिया जिले के बांधवगढ़ नेशनल पार्क में 10 हाथियों की मौत पर कांग्रेस, राज्य सरकार और वन मंत्री रामनिवास रावत पर हमलावर है। पूर्व सीएम कमलनाथ ने इस मामले में सीबीआई जांच की मांग की है। वहीं प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी का आरोप है कि हाथियों को जहर दिया गया है। नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने क्षेत्र के रिसॉर्ट संचालकों की भूमिका पर सवाल उठाए हैं। इधर, हाथियों की मौत के मामले की जांच के लिए दिल्ली से आई टीम बांधवगढ़ में डेरा डाले है। टीम के सदस्य घटना के कारणों की बारीकी से जांच कर रहे हैं। यह जांच टीम राज्य सरकार की टीम से अलग है। हाथियों की मौत की सूचना के बाद दूसरे दिन केंद्र सरकार की ओर से वन्यजीव अपराध नियंत्रण ब्यूरो (डब्ल्यूसीसीबी) नई दिल्ली ने मामले की जांच के लिए एक समिति गठित की है। इस जांच टीम में पांच अधिकारी शामिल किए गए हैं, जो जॉइंट डायरेक्टर डॉ. कृपाशंकर के नेतृत्व में बांधवगढ़ पहुंचे हैं। पांच दिन से इस टीम के चार सदस्य बांधवगढ़ में ही रुककर जांच कर रहे हैं। यह टीम पता कर रही है कि कहीं हाथियों को जहर देकर तो नहीं मारा गया है।

# जनसुनवाई में परिवार ने एक साथ किया आत्मदाह का प्रयास

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**शाजापुर।** कलेक्ट्रेट में हर मंगलवार होने वाली जनसुनवाई में पहुंचे पूरे परिवार ने आत्मदाह का प्रयास किया। कार्यालय के बाहर ही पूरे परिवार ने खुद पर पेट्रोल उड़ेल लिया, यहां तक की महिला ने साथ लिए बच्चे पर भी पेट्रोल उड़ेल दिया। इससे पहले की वो आगे कुछ कर पाते, वहां मौजूद पुलिसकर्मियों ने सभी को पकड़ लिया और काफी समझाईस के बाद उन्हें मनाया गया।



दरअसल हर मंगलवार की तरह कलेक्ट्रेट कार्यालय में जनसुनवाई चल रही थी। कलेक्टर ऋजु बाफना लोगों की शिकायते सुन रहे थे, इसी दौरान कार्यालय में शिकायत लेकर पहुंची महिला सोनाबाई और उसके परिजनों ने बाटल में लिया पेट्रोल खुद पर डाल लिया। महिला के साथ एक और शख्स, दो युवक और एक बच्चा भी था, उस पर भी पेट्रोल उड़ेल दिया। इस दौरान कार्यालय के बाहर अपरातफरी का माहौल निर्मित हो गया। अधिकारियों की समझाईस के बाद मामला शांत हुआ।

डिप्टी कलेक्टर राजकुमार हलधर ने बताया कि पेट्रोल डालने वाली महिला सोनाबाई स्वसहायता समूह की अध्यक्ष थी। समूह में आपसी विवाद के बाद महिला को पद से पृथक कर दिया गया था। समूह द्वारा राशन दुकान संचालित की जाती है। राशन दुकान का आवंटन रद्द होने की आशंका को लेकर पूरे परिवार ने आत्मदाह का प्रयास किया। डिप्टी कलेक्टर ने बताया कि संदेह के चलते उन्होंने ये प्रयास किया, लेकिन राशन दुकान का आवंटन रद्द नहीं हुआ है। सभी सुरक्षित हैं और सभी को सकुशल घर भी पहुंचा दिया गया है। उनके साथ अब ऐसी कोई समस्या नहीं है।

## संपादकीय

# देश की रग-रग में पसर गया है नशा

पंजाब में बिछा ड्रग्स का जाल जनजीवन के लिये बड़ी चुनौती है। पंजाब पाकिस्तान, अफगानिस्तान एवं ईरान के तथाकथित गोल्डेन क्रेसेंट से तस्करी कर लाई गई नशीली दवाओं का एक पारगमन बिंदु (ट्रांजिट प्वाईंट) तथा बाजार दोनों ही है। जहां अफगानिस्तान में उत्पादित हेरोईन की भारत-पाकिस्तान की 553 किमी लंबी और अवैध घुसपैठ की संभावनाओं से युक्त सीमा से तस्करी की जाती है, अफीम, अफीम की भूसी, चरस एवं हशीश जैसी अन्य नशीली दवाएं आसपास के देशों से आती हैं। भारत एवं पाकिस्तान सीमा पर अच्छी सड़कों का अभाव भी सीमा पर लगी बाड़ के नीचे सुरंगों की खुदाई के जरिये भारी मात्रा में मादक दवाओं की खेप के हस्तांतरण के काम को आसान बना देती हैं। पंजाब पुलिस की नशे से जुड़े आतंकवदी तंत्र की जांच करने की सीमित क्षमता है, खासकर, इस समस्या का मुकाबला करने के लिए आधुनिक प्रौद्योगिकीय एवं वैज्ञानिक उपकरणों की उसके पास कमी है। पंजाब में राजनीति और ड्रग्स का चोली दामन का संबंध है, बड़ी राजनीतिज्ञ पार्टियों की नशा माफिया एवं नशीले पदार्थों के तस्करों के साथ काफी मिलीभगत है और यही वजह है कि पंजाब 'नशीले पदार्थों की राजनीति' के युग से गुजर रहा है। इसलिये भी यह समस्या उग्र से उग्रतर होती जा रही है। पंजाब में नशे की समस्या पर सुप्रीम कोर्ट भी चिन्ता व्यक्त करता रहा है, अपनी नाराजगी व्यक्त करते हुए उसने पंजाब सरकार को फटकार भी समय-समय पर लगाई है। पूर्व में सुप्रीम कोर्ट ने कहा, 'पंजाब में नशे की समस्या बढ़ती जा रही है। नकली शराब और नशीले पदार्थों को रोका जाना चाहिए। ऐसे तो युवा खत्म हो जाएंगे। गरीब लोग मर रहे हैं। पंजाब में हर गली में एक भट्टी होती है। अगर कोई चाहे तो देश को खत्म कर देगा। अगर बॉर्डर क्षेत्र सुरक्षित नहीं है तो कैसे चलेगा? नशा माफिया के आगे बेबस क्यों पंजाब सरकार?' सुप्रीम कोर्ट की चिन्ता पंजाब में नशे की गंभीर चुनौती को देखते हुए वाजिब है। जिसके खिलाफ व्यापक पैमाने पर योजनाबद्ध अभियान वक्त की जरूरत है। सरकारें लंबे समय से इसके विरुद्ध कार्रवाई की बात तो करती रही हैं, लेकिन जमीनी हकीकत में कम ही बदलाव नजर आया है। फिलहाल पंजाब में नशीले पदार्थों के खिलाफ जारी कार्रवाई आप सरकार की नई प्रतिबद्धता को दर्शाती है और सतही तौर पर नशे की खिलाफ सफलता के आंकड़े एक सराहनीय कार्रवाई को दर्शाते हैं, लेकिन इसके बावजूद समस्या की विकटता को देखते हुए ये आंकड़े पर्याप्त नहीं हैं। वक्त की जरूरत है कि लगातार भयावह होती स्थिति में पुलिस को इस खेल की बड़ी मछलियों को बेनकाब करके नशे के प्रवाह पर रोक लगानी चाहिए। इसके बाद बड़े नशा तस्करों के खिलाफ व्यापक स्तर का अभियान चलाना चाहिए। जिससे समाज में यह संदेश जाए कि कोई कितना भी ताकतवर व्यक्ति क्यों न हो, कानून से ऊपर नहीं है। साथ ही यह भी कि समाज विरोधी कार्यों में लिप्त होने के गंभीर परिणाम हो सकते हैं। ऐसे तत्वों को राजनीतिक संरक्षण देने वाली ताकतों को भी बेनकाब करने की जरूरत है। पंजाब सरकार की सख्त कार्रवाई का यह संदेश नशा माफिया को जाना जरूरी है कि इस काले कारोबार से जुड़े लोगों की दंडमुक्ति संभव नहीं है। इसके अलावा सीमा पार से चलाए जा रहे नशे के कारोबार के लिये पडोसी देश को भी कड़ा संदेश जाना चाहिए। नशे की तस्करी में तमाम आधुनिक साधनों का उपयोग किया जा रहा है। हालांकि, बीएसएफ ने पहल करते हुए एंटी-ड्रोन सिस्टम लगाए हैं। जिसके सार्थक परिणाम भी मिल रहे हैं। पंजाब में नशे की गंभीर चुनौती को देखते हुए सीमा सुरक्षा को फुलप्रूफ करने की दिशा में कदम उठाए जाने चाहिये। जिसमें उच्च तकनीक व विभिन्न एजेंसियों में बेहतर तालमेल की जरूरत है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भी पूर्व में 'ड्रग्स-फ्री इंडिया' अभियान चलाने की बात कहकर इस राष्ट्र की सबसे घातक बुराई की ओर जागृति का शंखनाद किया है। उन्होंने चिन्ता व्यक्त करते हुए कहा कि हमारे देश के युवा गुटका, चरस, गांजा, अफीम, स्मैक, शराब और भांग आदि के नशे में पड़ कर बर्बाद हो रहे हैं।


## अर्ज़ किया है..!

*मेरे टूटे हौसले के पर*
*निकलते देख कर*
*उस ने दीवारों को अपनी*
*और ऊँचा कर दिया*

*- आदिल मंसूरी*

---

MORARI BAPU



सत्य-प्रेम-करुणा...

**कोई भी समस्या का समाधान**
**केवल तीन प्रकार से हैं :**
**राम, राम कृपा और राम कथा।**
**ये तीन भी एक ही हैं।**

साभार - Chitrakutdham Talgajarda

## ज्ञान-विज्ञान

# देश का पहला एनालॉग स्पेस मिशन शुरू, लेह में सुनसान जगह पर अकेले रहेंगे एस्ट्रोनॉट



अंतरिक्ष में लोग कैसे रहेंगे. किस तरह के माहौल में. इसे लेकर लद्दाख के लेह में देश का पहला एनालॉग स्पेस मिशन (Analog Space Mission) शुरू हो चुका है. इस मिशन को कई संस्थान मिलकर पूरा कर रहे हैं. पहला तो ISRO. फिर गगनयान प्रोजेक्ट को चला रहे ह्यूमन स्पेसफ्लाइट सेंटर. AAKA स्पेस स्टूडियो, लद्दाख यूनिवर्सिटी, IIT बॉम्बे और लद्दाख ऑटोनॉमस हिल डेवलपमेंट काउंसिल भी इस प्रोजेक्ट में जुड़े हुए हैं.



**इस मिशन का मुख्य मकसद...** ये है कि दूसरे ग्रहों पर भारतीय एस्ट्रोनॉट्स कैसे रहेंगे. किस तरह से वहां पर कॉलोनी बनाई जाएगी. सर्वाइव कैसे करेंगे. वहां की चुनौतियां कैसी होंगी. धरती से दूर दूसरे ग्रह पर इंसानों का बेस कैसा होगा.

**कौन-कौन शामिल होगा मिशन में...** इस मिशन में इसरो के अलावा सरकारी एजेंसियों, यूनिवर्सिटी और रिसर्च लैब्स वगैरह के वैज्ञानिक जुटेंगे. विपरीत मौसमी हालातों में कैसे सर्वाइव किया जाए उसे लेकर नए रिसर्च होंगे.

**कैसे टेस्ट होंगे...** नई तकनीक, रोबोटिक यंत्र, रोबोटिक गाड़ियां, हैबिटेट, कम्यूनिकेशन, पावर जेनरेशन, मोबिलिटी, इंफ्रास्ट्रक्चर और स्टोरेज की टेस्टिंग होंगी.

**इंसानी व्यवहार में बदलाव...** इस एनालॉग मिशन में ये भी देखा जाएगा कि विपरीत परिस्थितियों में, खतरनाक मौसम में, दूसरे ग्रहों पर इंसानी व्यवहार कैसे बदलता है. इसमें इंसानों को अकेला रखा जाएगा. टीम में रखा जाएगा. खाने की एक ही जैसी चीजें दी जाएंगी.

**पहले के मिशन...** इससे पहले अन्य देशों ने पृथ्वी के वायुमंडल के बाहर जाने, चंद्रमा पर लैंड करने और धरती के चारों तरफ ऑर्बिट में घूमने के लिए एनालॉग मिशन काम आता है.

**किस तरह के नुकसान की आशंका...** एनालॉग स्पेस मिशन खतरनाक होता है. क्योंकि ये अनजान जगह पर किया जाता है. यहां पर लोग परेशान होते हैं. इरीटेट होते हैं. ऐसे में अंतरिक्ष में किस तरह का नुकसान होगा, इसकी स्टडी की जाती है. ताकि एस्ट्रोनॉट्स को सुरक्षित रखा जा सके. जैसे रेडिएशन, अकेलापन, धरती से दूरी, ग्रैविटी आदि.

New Delhi

# केजरीवाल के 'शीशमहल' की होगी जांच, BJP की शिकायत पर CVC ने मांगी रिपोर्ट; AAP ने बताया ईमानदार



**नई दिल्ली, (एजेंसी)** केंद्रीय सतर्कता आयोग ने फ्लैगस्टाफ रोड स्थित मुख्यमंत्री के बंगले के पुनर्निर्माण में कथित अनियमितताओं पर सीपीडब्ल्यूडी से तथ्यात्मक रिपोर्ट मांगी है। यह दावा भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेता विजेंद्र गुप्ता ने मंगलवार को किया। फ्लैगस्टाफ रोड स्थित इस बंगले में ही अरविंद केजरीवाल बतौर दिल्ली के मुख्यमंत्री 9 साल तक रहे थे। बीजेपी इसे शीशमहल बताती है और जांच की मांग करती रही है।

नेता प्रतिपक्ष विजेंद्र गुप्ता ने मंगलवार को बयान जारी कर कहा कि उनकी जांच पर केंद्रीय सतर्कता आयोग (सीवीसी) ने सीएम आवास में अवैध निर्माण और वित्तिय अनियमितताओं की जांच को केंद्रीय लोक निर्माण विभाग के पास भेजा है। तथ्यात्मक रिपोर्ट पर उचित कार्रवाई की जाएगी। गुप्ता ने बताया कि इस संबंध में उन्होंने 14 अक्तूबर को सीवीसी को एक शिकायत दी थी। इसमें छह फ्लैग स्टाफ रोड पर हुए निर्माण की जांच की मांग की गई थी। गुप्ता ने आरोप लगाया कि तमाम नियमों को ताक पर रखकर यहां निर्माण कार्य किया गया। इसके साथ संबंधित मंजूरी भी नहीं ली गई। यह जनता के पैसे का दुरुपयोग है और भ्रष्टाचार का मामला है। इस पूरे मामले की जांच होनी चाहिए। गुप्ता ने बताया कि उनकी शिकायत पर अब केंद्रीय सतर्कता आयुक्त ने सीपीडब्लूडी से जांच रिपोर्ट मांगी है। आम आदमी पार्टी ने कहा कि सीएम आवास को लेकर शिकायत करने वाली भाजपा जितनी चाहे जांच करा सकती है। पार्टी और इसके राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ईमानदार हैं।

Uttarpradesh

## जब मक्का-मदीना में कोई हिंदू प्रवेश नहीं कर सकता तो महाकुंभ में गैरसनातनी की दुकान क्यों? साध्वी प्राची बोलीं



**संभल, (एजेंसी)** यूपी के संभल पहुंची हिंदूवादी नेता साध्वी प्राची ने कनाडा के मंदिर में हुए खालिस्तानियों के हमले पर तीखी प्रतिक्रिया दी. उन्होंने कहा कि राष्ट्रवादी लोग कसम खाएं कि खालिस्तान को सपोर्ट करने वालों का कभी भी सहयोग नहीं करना है. हमारे हिंदू भाइयों को कनाडा को कितनी पीड़ा सहनी पड़ रही है, इसके लिए मैं संवेदना प्रकट करती हूं. केंद्र सरकार से निवेदन करती हूं कि जहां भी हिंदू भाइयों के साथ अत्याचार हो रहा है उनकी मदद करें. साध्वी प्राची ने आगे कहा कि पिछले दिनों दिल्ली में हुए एक लाइव शो को देखने-सुनने के लिए हजारों लोग पहुंच गए, हॉल खचाखच भर दिया, लेकिन उस सिंगर ने या किसी और सिंगर ने कनाडा में हुए खालिस्तानी हमले की निंदा नहीं की. देश में खालिस्तानियों के बड़े-बड़े शो करवाए जाते हैं. ये देखकर बड़ा अफसोस होता है. बहुत शर्म की बात है. वहीं, साध्वी प्राची ने महाकुंभ में गैरसनातनी की दुकान नहीं लगने देने के फैसले पर सपा सांसद जियाउर्रहमान बर्क के 'आगे से मुसलमान भी ऐसा करेगा' वाले बयान पर पलटवार करते हुए कहा कि ये लोग थूक जिहाद और मूत्र जिहाद चला रहे हैं. इसलिए महाकुंभ में ये फैसला लिया गया है. मक्का-मदीना में कोई हिंदू प्रवेश नहीं कर सकता है तो महाकुंभ में क्यों? वो भी तो बहुत पवित्र और साधना की जगह है. इसलिए पहले वह मक्का मदीना में इजाजत दिलवाकर हिन्दुओं की एंट्री करवाएं तभी बात करें.

New Delhi

## दिल्ली में 16 साल के लड़के की चाकू मारकर हत्या...

**नई दिल्ली, (एजेंसी)** नई दिल्ली के नॉर्थ ईस्ट दिल्ली के मुस्तफाबाद इलाके में एक दर्दनाक घटना सामने आई है. यहां मंगलवार की शाम को 16 साल के किशोर की चाकू मारकर हत्या कर दी गई. इस वारदात से इलाके में सनसनी फैल गई. पुलिस इस पूरे मामले की जांच में जुटी है. एजेंसी के अनुसार, पुलिस ने बताया कि शाम करीब 8:30 बजे पुलिस कंट्रोल रूम (PCR) में कॉल आई, जिसमें बताया गया कि एक किशोर पर कुछ लड़कों ने चाकू से हमला कर दिया है. उसे पेट पर कई बार चाकू मारा गया, जिससे उसकी हालत गंभीर हो गई थी. सूचना मिलते ही पुलिस की टीम तुरंत घटनास्थल पर पहुंची और घायल किशोर को नजदीकी जग प्रवेश अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया. मृतक की पहचान मुस्तफाबाद के निवासी के रूप में की गई है. इस वारदात से पूरे क्षेत्र में सनसनी फैल गई है. घटना के बाद मृतक के परिजनों में कोहराम मच गया.

Jammu & Kashmir

## कुपवाड़ा के लोलाब जंगल में एक आतंकी ढेर, बांदीपोरा में भी मारा गया दहशतगर्द, सर्च ऑपरेशन जारी



**जम्मू, (एजेंसी)** जम्मू कश्मीर के कुपवाड़ा में आतंकियों और सुरक्षाबलों के बीच मुठभेड़ जारी है। बताया जा है कि मुठभेड़ लोलाब के जंगलों में हो रही है। इस मुठभेड़ में सुरक्षाबलों ने एक आतंकी को ढेर कर दिया है। वहीं दूसरी तरफ अलूसा बांदीपोरा के जेत्सुन जंगल क्षेत्र में आतंकवादियों और सुरक्षा बलों के बीच मुठभेड़ में भी एक आतंकी मारा गया है, जबकि सेना और सीआरपीएफ के दो जवान घायल हैं। पुलिस बांदीपोरा और 26 असम राइफल्स की संयुक्त टीम इस अभियान में शामिल है। सुरक्षाबलों ने पूरे इलाके की घेराबंदी कर दी है। स्थानीय पुलिस भी मोर्चे पर डटी है। बताया जाता है कि मंगलवार को सुरक्षाबलों को चूंटवाड़ी इलाके में आतंकियों के संदिग्ध मूवमेंट की जानकारी मिली थी। इसके बाद बांदीपोरा पुलिस, सीआरपीएफ और सेना की 28 असम राइफल्स की संयुक्त टीम ने इलाके में तलाशी अभियान शुरू किया। इसी दौरान जंगल में मौजूद आतंकियों ने सुरक्षाबलों पर फायरिंग शुरू कर दी। जवाबी कार्रवाई में एक आतंकी मारा गया। एक पुलिस अधिकारी ने बताया, गोलीबारी में सेना का एक जवान और सीआरपीएफ का एक जवान घायल हुआ है। घायलों को अस्पताल ले जाया गया और ऑपरेशन जारी है।

खेल

# भारतीय मुक्केबाज मनदीप जांगड़ा ने जीता डब्ल्यूबीएफ का विश्व खिताब

## ब्रिटेन के कोनोर को हराया

**नई दिल्ली, (एजेंसी) भारतीय पेशेवर मुक्केबाज मनदीप जांगड़ा ने केमैन आइलैंड में ब्रिटेन के कोनोर मैकिन्टोश को हराकर विश्व मुक्केबाजी महासंघ (डब्ल्यूबीएफ) का सुपर फेदरवेट विश्व खिताब जीता। पूर्व ओलंपिक रजत पदक विजेता रॉय जोन्स जूनियर से प्रशिक्षण लेने वाले 31 वर्षीय जांगड़ा ने अपने पेशेवर करियर में अब तक केवल एक हार का सामना किया है।**




ब्रिटिश मुक्केबाज के खिलाफ मुकाबले में अधिकतर राउंड में उनका पलड़ा भारी रहा। जांगड़ा ने शुरू से ही दमदार मुक्के जमाए और पूरे 10 राउंड में अपना दमखम बरकरार रखा। दूसरी तरफ ब्रिटिश मुक्केबाज को गति बनाए रखने के लिए संघर्ष करना पड़ा। कोनोर ने वापसी की कोशिश की, लेकिन जांगड़ा ने अधिकतर राउंड में बढ़त बनाए रखी।

जांगड़ा ने कहा, 'यह मेरे करियर की सबसे बड़ी जीत में से एक है। मैंने इसे हासिल करने के लिए वर्षों तक कड़ी मेहनत की। यह मेरे लिए गर्व की बात है कि मैं देश का नाम रोशन कर सका।' हरियाणा के रहने वाले जांगड़ा ने 2021 में पेशेवर मुक्केबाजी में पदार्पण किया। उन्हें उम्मीद है कि यह खिताब अधिक भारतीय मुक्केबाजों को पेशेवर बनने के लिए प्रेरित करेगा। जांगड़ा ने अपने पेशेवर करियर में अभी तक 12 मुकाबलों में से 11 जीते हैं, जिनमें सात नॉकआउट जीत शामिल हैं। उन्होंने एमेच्योर मुक्केबाज के रूप में 2014 में राष्ट्रमंडल खेलों में रजत पदक जीता था।

सिनेमा

# नहीं रहीं लोकगायिका शारदा सिन्हा, 72 की उम्र में दिल्ली के एम्स में हुआ निधन



भोजपुरी लोकगायिका शारदा सिन्हा का निधन हो गया है. दिल्ली के एम्स अस्पताल में उन्होंने अंतिम सांस ली. ये उनके चाहनेवालों के लिए बेहद दुखभरी खबर है. अपनी मधुर आवाज से फैंस का दिल जीतने वाली शारदा अब हमेशा के लिए चुप हो गई हैं. लेकिन उनकी आवाज सदा चाहनेवालों का मनोरंजन करती रहेगी और इसी के साथ सिंगर सभी की यादों में जिंदा रहेंगी. शारदा सिन्हा की तस्वीर शेयर करते हुए उनके निधन की खबर की पुष्टि बेटे अंशुमन सिन्हा ने कर दी है. सिंगर के इंस्टाग्राम अकाउंट पर फोटो पोस्ट करते हुए अंशुमन ने लिखा, 'अंशुमन सिन्हा द्वारा किया गया पोस्ट. आप सब की प्रार्थना और प्यार हमेशा मां के साथ रहेंगे. मां को छठी मईया ने अपने पास बुला लिया है. मां अब शारीरिक रूप में हम सब के बीच नहीं रहीं.'

## Highlights

1. **Woman in India gets married virtually to groom in Turkey, family says 'His leave was denied'**
2. **Animal birth control program for dogs resumed in Bengaluru**
3. **Dawoodi Bohra community seek complete exclusion from Waqf Act**
4. **Madhya Pradesh raises women's quota in state jobs from 33% to 35%**
5. **No improvement in Air India since going private: Chidambaram after flight delay**

# Chanel CEO Leena Nair on the power of compassionate leadership: 'I listen to every

**NEW DEIHI, (Agency).** Leena Nair, the first Indian-origin CEO of French luxury brand Chanel, recently took the stage at Stanford University's Graduate School of Business. In a conversation, the British-Indian executive opened up about her personal journey, leadership philosophy and the values that shape her approach to business.

In a snippet from her interview shared on her LinkedIn account, Nair highlighted her commitment to compassionate leadership. She captioned the post, "Compassionate leadership was one of many topics discussed during my View From The Top interview at Stanford University Graduate School of Business."



Compassion in business: A rare and needed approach

In the video, Nair speaks about the role of empathy and kindness in her leadership style. "I truly believe in benevolence, in kindness, in compassion, in empathy. You've got to do tough things in business, but doing it compassionately is very important," she remarked. Nair explained her commitment to listening to every voice in a room, advocating for a culture wherediverseperspectives are valued and respected.

Her comments highlighted her belief in "collective intelligence," where everyone's voice is integral, not just those who speak the loudest. "We don't see enough role models like that. So for me, it really matters that I set a brand of leadership that's about compassion and empathy," Nair said while speaking with Ayesha Karnik, the View From The Top host.

# Swiggy IPO hits markets today after raising ₹5,085.02 crore via anchor investors

**NEW DEIHI, (Agency).** Swiggy's ₹11,327.43 crore initial public offering (IPO) hit the markets on Wednesday, November 6, after raising ₹5,085.02 crore from anchor investors on Tuesday.

Bidding for the food delivery giant's IPO will remain open till Friday, November 8, 2024, and its grey market premium on Wednesday is ₹11, according



to a Mint report.

Details of the Swiggy IPO

The Swiggy IPO will open up for public subscription on Wednesday and will be closed on Friday. The allotment may likely be November 11 and the listing date may be November 13.

The price band is set between ₹371 and ₹390 per share.

The company aims to raise ₹11,327.43 crore (considering the upper end of the price band) through a combination of a fresh issue, including 11.54 crore equity shares worth ₹4,499 crore and an offer for sale (OFS) of 17.51 crore shares worth ₹6,828.43 crore.

The minimum lot size is 38 shares, which means at the upper end of the price band, investors have to put in ₹14,820 at minimum.

## सर्वजनहिताय के लिए हमारे शुभसंकल्पित उद्देश्य

# 'सतर्क रहे - सजग रहे अभियान'

### को जन-गण-मन तक प्रसारित और पल्लवित करने में अपना योगदान दीजिये ।

**हम विवाद के लिए नहीं अपितु संवाद के लिए संकल्पित है...!**

**हम सिर्फ लाभ के लिए नहीं अपितु शुभ के लिए भी संकल्पित है...!**

**हम सिर्फ समस्याओं को उजागर के लिए ही नहीं अपितु समाधान के साथ सहयोग के लिए भी संकल्पित है...!**

**'मित्रस्यम चक्षुक्षाम देहि' की भावना वाली हमारी संवाद और सहयोग की पत्रकारिता के साथ जुड़े।**

**Webportal :**
https://www.detectivegroupreport.com
https://www.dgr.co.in

**Youtube Channal :**
http://www.youtube.com/c /DETECTIVEGROUPREPORT

**Social Media :**

Twitter
https://twitter.com/Detective_G_R

Facebook
https://www.facebook.com /DetectiveGroupReport

Instagram
https://www.instagram.com /detective_group_report

---

**Email us :** dgrnewsnetwork@gmail.com

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक - पुष्पेंद्र पुष्प द्वारा पंकज प्रिंटर्स एंड पैकेजिंग एलयूएन-22, सेक्टर एफ, सांवेर रोड, इंडस्ट्रीयल एरिया, इंदौर से मुद्रित एवं इंडस्ट्री हाउस 15 ए.बी. रोड, ओल्ड पलासिया, इंदौर (म.प्र.) से प्रकाशित। ■ आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535
■ डाक पंजीयन : एमपी/आईडीसी/1600/2023-2025 ■ *प्रधान संपादक - पुष्पेन्द्र पुष्प, ■ फोन : 7312433667, मो.नं. 9111156060 ■ *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। ■ न्याय क्षेत्र इंदौर रहेगा।
इस समाचार पत्र में प्रकाशित विभिन्न समाचार, सूचनाएं, आलेख एवं विचार लेखकों के अपने है तथा विभिन्न समाचार एजेंसियों एवं स्त्रोतों से प्राप्त किए गए हैं अतः इनसे प्रकाशक, संपादक एवं मुद्रक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है- संपादक